nandgaon times   feb-28-5.qxd   2/28/2025   12:00 AM   Page 1

साफ सफाई में कोताही नही बरतने... पृष्ठ 2 | साधु संत जिस दिन धरा उसी दिन... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स






शुक्रवार, 28 फरवरी 2025, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 135, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

## ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में मनरेगा की है महत्वपूर्ण भूमिका : मुख्यमंत्री

### मुख्यमंत्री साय ने मनरेगा कार्यों को गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध रूप से पूरा करने के दिए निर्देश

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में आज छत्तीसगढ़ ग्रामीण रोजगार गारंटी परिषद की बैठक विधानसभा परिसर स्थित मुख्यमंत्री कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत चल रही परियोजनाओं की समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राज्य में मनरेगा कार्यों को सर्वोच्च गुणवत्ता और निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरा किया जाए, ताकि अधिकतम ग्रामीण परिवारों को इस योजना का लाभ मिल सके। मुख्यमंत्री श्री साय ने विशेष रूप से गांवों में धरसा पहुंच मार्ग निर्माण और अमृत सरोवर परियोजनाओं को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए, जिससे ग्रामीण बुनियादी ढांचे को मजबूती मिले और जल संरक्षण को बढ़ावा मिले। मुख्यमंत्री श्री साय ने बैठक में कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार का लक्ष्य केवल रोजगार देना नहीं, बल्कि ग्रामीण इलाकों को आत्मनिर्भर बनाना है। मनरेगा के तहत चल रही योजनाओं को दीर्घकालिक दृष्टिकोण से लागू किया जा रहा है, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में सर्वांगीण विकास सुनिश्चित



किया जा सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जाए, ताकि यह योजना गरीबों के सशक्तिकरण में एक मजबूत आधार बने। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा मनरेगा को अन्य योजनाओं से जोड़कर ग्रामीण विकास की गति तेज करने पर जोर दिया जा रहा है।

**राज्य में मनरेगा के प्रभावशाली क्रियान्वयन पर विस्तृत चर्चा**

बैठक में वित्तीय वर्ष 2023-24 और 2024-25 की प्रगति, लेबर बजट 2025-26, योजना के प्रमुख इंडिकेटर्स और अभिसरण (कॉन्वर्जेंस) मॉडल पर गहन समीक्षा की गई। वर्ष 2019-20 से 2023-24 तक की वार्षिक प्रगति रिपोर्ट भी प्रस्तुत की गई।

मनरेगा आयुक्त श्री रजत बंसल ने जानकारी दी कि प्रदेश में कुल 38.52 लाख पंजीकृत परिवारों में से 24.89 लाख परिवारों को रोजगार प्रदान किया गया है।अमृत सरोवर योजना के तहत 2,902 जलाशयों के निर्माण का लक्ष्य रखा गया है, जिनमें से 1,095 स्वीकृत हो चुके हैं, 299 पूर्ण हो चुके हैं, और 472 पर कार्य प्रगति पर है। बैठक में उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव और श्री विजय शर्मा, मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री सुबोध सिंह, प्रमुख सचिव श्रीमती निहारिका बारिक, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ. बसवराजू एस, श्री पी. दयानंद, श्री राहुल भगत, मनरेगा आयुक्त श्री रजत बंसल एवं छत्तीसगढ़ ग्रामीण रोजगार गारंटी परिषद के सदस्यगण उपस्थित थे।

## महाकुंभ नहीं सरकारी कुंभ, शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद का बड़ा बयान



**रायपुर।** महाकुंभ को लेकर एक बार फिर शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद का बड़ा बयान सामने आया है। कहा कि अभी जो महाकुंभ चल रहा था सरकारी महाकुंभ था औरज् बता दें कि शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती अभी छत्तीसगढ़ प्रवास पर है। यहां बेमेतरा में के सपाद लक्षेश्वर धाम सलधा में आयोजित शिव महापुराण एवं सवा लाख शिवलिंग की प्राण-प्रतिष्ठा में शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद शामिल हुए। इस दौरान मीडिया से चर्चा करने के दौरान कहा कि असली महाकुंभ पहले ही समाप्त हो चुका था और अब तक जो चल रहा था, वह मात्र च्सरकारी कुंभज् था। बता दें कि स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती पहली बार नहीं इससे पहले भी महाकुंभ को लेकर सवाल खड़े किए हैं। इससे पहले भी वे सफाई व्यवस्था और तैयारियों को लेकर प्रशासन को घेर चुके हैं। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर 45 दिवसीय महाकुंभ 2025 का समापन हो चुका है, प्रयागराज के त्रिवेणी संगम पर पवित्र स्नान के लिए श्रद्धालुओं का आना जारी है। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने बताया कि महाकुंभ 2025 के दौरान 66 करोड़ 21 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने पवित्र त्रिवेणी में डुबकी लगाई। सपाद लक्षेश्वर धाम सलधा में ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज ने लिंग महापुराण की कथा सुनाई।

## भारतीय रेलवे सर्विसेज के प्रशिक्षण के पश्चात राष्ट्रपति से मिली सोनालिका रुचंदानी





**राजनांदगांव (नांदगाँव टाइम्स)।** भारतीय लेखा सेवा एवं भारतीय रेलवे सुरक्षा बल सेवा, भारतीय रेलवे प्रबंधन सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से राष्ट्रपति भवन में मुलाकात की । राष्ट्रपति ने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के महान राष्ट्रीय प्रयास में आप सब की महत्वपूर्ण भूमिका है राष्ट्रपति ने उन्हें भारतीय संविधान के प्रावधानों को ध्यान में रखने की सलाह दी उन्होंने कहा कि यह भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की संपूर्ण संस्था का आधार है।

**मोदी सरकार के विजन से देश 2047 में समृद्ध और विकसित होगा - सोनालिका**

सिविल सर्विसेज परीक्षा के माध्यम से भारतीय रेल प्रबंधन सेवा में चयनित होने वाली शहर की होनहार छात्र सोनालिका रुचंदानी ने बताया कि प्रशिक्षण में सभी युवा प्रशिक्षु में देश की सेवा करने का जज्बा पैदा करने हेतु एवं देश को 2047 में समृद्ध और विकसित भारत बनाने के लिए निष्ठा और समर्पण का संकल्प दिलाया गया। सोनालिका ने बताया कि हमने प्रशिक्षण में रेलवे परिचालन के साथ- साथ वाणिज्य से संबंधित तकनीकी कार्यों, प्रशासनिक कर्तव्यों एवं नेतृत्व कौशल को तराशने का अवसर मिला, साथ ही हमने प्रशिक्षण के दौरान जाना की रेलवे की सभी शाखाएं आपसी समन्वय से विकास के पहियों को तेज गति से चलाने में अपनी भूमिका निभाती हैं, हमने जमीनी स्तर पर होने वाले कार्यों को भी समझा और सभी युवाओं को राष्ट्रपति के मिले मार्गदर्शन से उत्साह और गौरव का संचार हुआ।

**2047 का मोदी सरकार का विजन स्पष्ट है**

सोनालिका ने बताया कि मोदी सरकार के 2047 में भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प का ब्लूप्रिंट तैयार हो चुका है जिसके तहत ही सिविल सेवा सर्विसेज के तीनों स्तर के अधिकारियों को प्रशिक्षण में योजनाबद्ध ढंग से देश को आगे बढ़ाने के लिए सभी युवा अधिकारियों को सत्यनिष्ठा, दक्षता और न्याय जैसे मूल्यों को समझा कर उत्तरदायित्व अधिकारी बनने के लिए तैयार किया गया।

## देवाधिदेव भगवान महादेव पर आस्था विश्व व्यापी है : अभिषेक सिंह





**राजनांदगांव (नांदगाँव टाइम्स)।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर क्षेत्र के पूर्व सांसद अभिषेक सिंह शहर के उत्तर मंडल के विभिन्न मोहल्लों में स्थित भगवान भोलेनाथ के मंदिरों में गये, उनकी पूजा अर्चना की, अनेक स्थानों पर रुद्राभिषेक किया तथा दो स्थानों पर आयोजित शिव महापुराण की कथा में भी सम्मिलित हुये। इस दौरान उपस्थित जनसमुदाय से चर्चा करते हुये श्री सिंह ने कहा कि भगवान भोलेनाथ के प्रति आस्था विश्व व्यापी है, उनकी पूजा अर्चना पूरे संसार में होती है, वे समाज के पिछड़े दीन-हीन गरीबों से लेकर सभी वर्गो के पूज्य देवता है, उनके द्वाद्वश ज्योतिर्लिंग पूरे भारत के कोने-कोने में फैले हुये है जिसके दर्शन पूजन के लिये लाखो लोग इन ज्योतिर्लिंग की यात्रा पूरी कर उनका आशीर्वाद प्राप्त करते है। भगवान शिव के मूल स्थान कैलाश मानसरोवर की दुर्गम यात्रा के लिये भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु जाने के लिये तत्पर होते है, किन्तु परिस्थितियोंवश कुछ लोगो को ही इस दुर्गमतम् यात्रा की अनुमति मिलती हैं। श्री सिंह ने केन्द्र की मोदी सरकार का धन्यवाद ज्ञापित करते हुये कहा कि देशभर में सभी ज्योतिर्लिगों के कायाकल्प का कार्य केन्द्र सरकार के द्वारा बखूबी किया जा रहा है साथ ही साथ कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिये भी मोदी सरकार ने आर्थिक सहायता भक्तजनों को उपलब्ध कराई है। श्री सिंह ने क्षेत्र की खुशहाली व उन्नति की कामना करते हुये सभी को महाशिवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं दी । भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार इस दौरान श्री अभिषेक सिंह जी के साथ उत्तर मंडल के अध्यक्ष सुमीत सिंह भाटिया, पूर्व मंडल अध्यक्ष अतुल रायजादा, वरिष्ठ पार्षद शिव वर्मा, जिला भाजयुमो के अध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह, शैंकी बग्गा, नागेश यदु, तरुण साहू, नरेन्द्र हंसा, हेतल भोजानी, नरेश कोचरे, सज्जन सिंह ठाकुर, कमल दुबे, गेमु कुंजाम, संजय रात्रे, उज्जवल कसेर, सुनील साहू, बिंदु वर्मा, अभिषेक यादव, टिकेश्वर सिंह ठाकुर, कमलेश लहरे, दया सिंह सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थें।

## भागवत साहू का इस्तीफा नामंजूर



**राजनंदगांव (नांदगाँव टाइम्स)।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैंज जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष भागवत साहू का इस्तीफा नामंजूर कर लिया है। श्री बैंज ने आज राजनंदगांव प्रवास के दौरान टेड़ेसरा में उनके निवास पहुंचे वहां पहुंचकर उन्होंने चाय पर चर्चा की इसके बाद उन्होंने उनके पूर्व में दिए इस्तीफे पर स्पष्ट तौर से कहा कि आपका इस्तीफा स्वीकार नहीं किया जाता है। आप जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष पद पर यथावत बने रहेंगे। ज्ञात हो कि श्री साहू ने जिला पंचायत सदस्य चुनाव में कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी के रूप में कांग्रेस के ही बागी प्रत्याशी अंगेश्वर देशमुख के हाथों हार गए थे । उसके बाद श्री साहू ने अपनी नैतिकता का परिचय देते हुए पद से त्यागपत्र दे दिया था। जिसमें उन्होंने देखा था कि पार्टी का प्राथमिक सदस्य बने रहेंगे। लेकिन पीसीसी चीफ श्री बैंज ने दरियादिली दिखाते हुए उनका इस्तीफा अस्वीकार कर लिया है। इस पर श्री साहू ने कहा कि पार्टी आला कमान का जैसा आदेश होगा वैसा करेंगे। इस दौरान मुख्य रूप से पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल, पूर्व शहर अध्यक्ष रमेश डाकलिया, जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के पूर्व अध्यक्ष पदम सिंह कोठारी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष युवा आयोग के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष जीतू मुदलियार, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता, पंकज बांधव, प्रदीप शर्मा, रमाकांत साहू, तुल दास साहू, डॉक्टर आफताब आलम, लक्की चंद्राकर, गिरीश सोनवानी, मेहुल मारू, विभा साहू, महेंद्र यादव, वीरेंद्र बोरकर, गिरीश साहू मानव देशमुख, सुलोचना मारकंडे, राजेंद्र यादव, कपिल देवांगन, गुलशन बघेल आदि उपस्थित थे।

## अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर बहुभाषी काव्यगोष्ठी

**राजनांदगांव (नांदगाँव टाइम्स)।** अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के उपलक्ष्य में दिग्विजय महाविद्यालय में बहुभाषी कविगोष्ठी आयोजित की गई। प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के निर्देशानुसार हिंदी विभाग द्वारा आयोजित इस गोष्ठी में रचनाकारों ने क्षेत्रीय भाषाओं में काव्यपाठ किया। गोष्ठी के आरंभ में हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. शंकर मुनि राय ने कहा कि गोष्ठी का उद्देश्य क्षेत्रीय भाषाओं के प्रति सम्मान व्यक्त करना है। भाषा को हमारे यहां मां का दर्जा प्राप्त है, इसलिए यह कार्यक्रम मां का सम्मान करने जैसा है। इस गोष्ठी में हिंदी सहित छत्तीसगढ़ी, अवधी, भोजपुरी, संस्कृत, संबलपुरी और उड़िया भाषाओं के रचनाकारों ने स्वरचित सहित अन्य कवियों की रचनाओं का पाठ किया। गोष्ठी में विद्यार्थियों सहित प्राध्यापक शंकर मुनि राय, नीलम तिवारी, डाकेश्वर वर्मा, ललित प्रधान, प्रवीण साहू आदि ने अपनी रचनाओं का पाठ किया।

## महाशिवरात्रि पर्व पर मां पाताल भैरवी सिद्धपीठ में द्वादश ज्योर्तिलिंगों का हुआ महारुद्राभिषेक

### अंचल सहित देशभर के शिवभक्तों ने ब्रम्हमुहूर्त से किए पूजा पाठ, चैत्र नवरात्रि की तैयारियों का हुआ श्रीगणेश

**राजनांदगांव (नांदगाँव टाइम्स)।** मानव सेवा एवं जनकल्याण के लिए अंचल सहित देशभर में पहचान बना चुकी बर्फानी सेवाश्रम समिति द्वारा हिन्दू पंचांग के अनुसार माघ माह की शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी पर महाशिवरात्रि के अवसर पर 26 फरवरी बुधवार को भगवान भोलेनाथ सहित द्वादश ज्योतिर्लिंगों व देवी देवताओं, ग्रह नवग्रह का विशेष पूजा अर्चना कर महारुद्राभिषेक किया गया। इस अवसर पर अंचल सहित पड़ोसी राज्यों के हजारों श्रद्धालुओं ने दर्शन लाभ कर जलाभिषेक व पूजा अर्चना की। इसी के साथ संस्था ने चैत्र नवरात्रि की तैयारियों का भी श्रीगणेश कर दिया।

संस्था के सचिव गणेश प्रसाद शर्मा च्गन्नूज् ने बताया कि ब्रम्हलीन श्रीश्री 1011 योगाधिराज ब्रम्हर्षि बर्फानी दादा जी के आशीर्वाद व मार्गदर्शन से नगर में बर्फानी आश्रम स्थित मां पाताल भैरवी राज राजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी दस महाविद्या द्वादश ज्योर्तिलिंग शिव शक्ति सिद्धपीठ में वर्षभर जनकल्याण व मानस सेवा के साथ ही समय समय पर विभिन्न पर्वों पर धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किया जाता है। इसी कड़ी पर इस वर्ष भी 26 फरवरी बुधवार को पड़ने वाली महाशिवरात्रि के अवसर पर रात्रि 10 बजे से विश्व शांति व जनकल्याण के लिए सिद्धपीठ स्थित विशाल 108 फीट ऊंचे शिवलिंग के प्रथम तल पर विराजमान दुर्लभ स्फटिक के आकर्षक पातालेश्वर महादेव व तृतीय तल पर विशालकाय शिवशंकर भोलेनाथ के साथ विराजमान द्वादश ज्योर्तिलिंगों का महारद्राभिषेक समिति के सदस्यों व श्रद्धालु भक्तजनों के द्वारा किया गया। शिवरात्रि के अवसर पर प्रात: ब्रम्हमुहुर्त 4 बजे से श्रद्धालुओं के लिए मां पाताल भैरवी



सिद्धपीठ के पट खोल दिए गए थे। जिसके पश्चात श्रद्धालुओं ने प्रात: से लेकर देर रात्रि तक मां पाताल भैरवी सहित भगवान भोलेनाथ के विराट स्वरूप व द्वादश ज्योतिर्लिंगों का जलाभिषेक व रुद्राभिषेक कर दर्शन लाभ लेते रहे, इसमें अंचल सहित पड़ोसी राज्यों के हजारों श्रद्धालु भी इस पुनीत कार्य के सहभागी बने। तत्पश्चात संस्था द्वारा रात्रि 10 बजे से विधि विधान व मंत्रोच्चार के मध्य गौरी गणेश व कलश की स्थापना के साथ ही भगवान भोलेनाथ व द्वादश ज्योतिर्लिंगों का महारुद्राभिषेक दूध, दही, पंचामृत, शुद्ध घी, अष्टगंध, शहद, गंगाजल, सुगंधित इत्र एवं शुद्ध जल से विद्वान पंडितों व श्रद्धालु भक्तजनों के द्वारा किया गया। सिद्धपीठ में महाशिवरात्रि के अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा चारों पहर की विशेष पूजा अर्चना की गई। देर रात्रि में महारुद्राभिषेक पश्चात महाअनुष्ठान के तहत हवन की वेदी पर श्रद्धालुओं द्वारा मंत्रोच्चार के साथ विश्व शांति व जनकल्याण के लिए आहुति डाली गई। तत्पश्चात भगवान भोलेनाथ की शंख, घंटी के साथ दीपों से आरती उतारकर प्रसाद वितरण किया गया। इसके साथ ही संस्था द्वारा आगामी 30 मार्च से आयोजित होने वाली हिन्दू नववर्ष व चैत्र नवरात्रि की तैयारियों का भी पूजन पाठ कर श्रीगणेश किया गया। महाशिवरात्रि के अवसर पर संस्था के अध्यक्ष श्री राजेश मारु, उपाध्यक्ष दीपक जोशी, सचिव गणेश प्रसाद शर्मा च्गन्नूज्, कोषाध्यक्ष नीलम जैन, महंत गोविंद दास, महेन्द्र लुनिया, गुरुचरण सिंह छाबड़ा, सूरज जोशी, आलोक जोशी, योगेन्द्र पांडे, बलविंदर सिंह भाटिया, मनीष परमार, संजय खंडेलवाल, कमलेश सिमनकर के अलावा अन्य सदस्यगण दिनभर की सेवा के साथ अभिषेक, हवन पूजन आदि में सम्मिलित हुए।

# साफ सफाई में कोताही नही बरतने आयुक्त ने दिये सख्त निर्देश



राजनांदगांव (नांदगाँव टाइम्स)। आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण को ध्यान में रखकर नगर निगम द्वारा साफसफाई में विशेष ध्यान दिया जा रहा है। निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा प्रतिदिन स्वयं मानिटरिंग कर स्वास्थ्य अमला को साफसफाई में कोताही नहीं बरतने निर्देशित कर रहे है। साथ ही सडक या नाली के उपर मटेरियल रखने तथा कचरा फैलाने वालो पर निगरानी रख कार्यवाही के लिये कहा जा रहा है। आज आयुक्त श्री विश्वकर्मा सुबह सफाई निरीक्षण के दौरान कौरिनभाठा मेन रोड, महामाया चौक में साफसफाई देख सफाई कर्मियों से चर्चा कर कहा कि मेन रोड के डिवाईडर के किनारे झाडू लगा कचरा उठावे, डिवाईडर के उपर की कटिली झाडिया काट कचरा उठावे। उन्होंने कौरिनभाठा रोड के होटल में दबिश देकर साफसफाई रखने, कचरा अलग अलग डस्टबिन में रख स्वच्छता दीदीयों को देने समझाईस दिये। उन्होंने होटल संचालक से कहा कि कचरा नाली में न डाले, अपने खाद्य पदार्थ ढककर रखे। स्वच्छता में सहयोग करे और होटल में आने वाले लोगों को भी साफसफाई रखने समझाईस देवे। निरीक्षण के दौरान महामाया चौक में नाली के उपर छड रखने पर अमन ट्रेडर्स को नोटिस जारी कर जुर्माना लगाने कहा। इसी प्रकार तथागत टैन्ट के बाजू अजय विश्वकर्मा तथा खान नर्सिंग होम के बाजू अंशु बग्गा द्वारा बिल्डिंग मटेरियल रखने पर संबंधित को नोटिस जारी कर हटाने के निर्देश दिये। उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारी व स्वच्छता निरीक्षक से कहा कि सभी वार्ड सुपरवाईजर को निर्देशित करे कि अपने अपने क्षेत्र में सडक या नाली के उपर बिल्डिंग मटेरियल या अन्य समाग्री रखे जाये जाने पर संबंधित को समझाईस देवे, अपालन पर जप्ती की कार्यवाही कराये। उन्होंने कहा कि आगामी स्वच्छता



सर्वेक्षण को ध्यान में रखकर सफाई कार्य का संपादन करेगे। सफाई में किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जावेगी।

## 12वीं के छात्राओं को दी गई विदाई, पुरानी बातों को याद किये और आंखें हुई नम

**छुईखदान( नांदगाँव टाइम्स )।** विगत दिन शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला छुईखदान में कक्षा 12वीं के छात्राओं के लिए विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से की गई कार्यक्रम के प्रारंभ में कक्षा 12वीं की छात्राओं को तिलक लगाकर वह बैच पहनाकर स्वागत किया गया एवं छात्राओं द्वारा शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई एवं विभिन्न मनोरंजक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया छात्र संघ के पदाधिकारीयों सहित छात्राओं को विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन व प्रतियोगिताओं में विजयी होने के लिए प्रमाण पत्र एवं उपहार देकर पुरस्कृत किया गया। साथ ही सर्वाधिक उपस्थिति के लिए कक्षा 12वीं गणित की छात्रा कुमारी चरुण जंघेल को पुरस्कृत किया गया। संस्था के प्राचार्य श्री अनिल पाल ने बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए कड़ी मेहनत एवं समय प्रबंधन के लिए छात्राओं को प्रोत्साहित किया। सांस्कृतिक प्रभारी श्रीमती शीतल श्रीवास्तव सहित व्याख्यातागण शकुंतला ठाकुर, संतोषी आर्य, पुष्प लता साहू, उषा चंद्राकर, प्रियंका सेंडे, टीना चंदेल,उमेश्वरी विश्वकर्मा, प्रतिभा केसरिया, रविंद्र चौड़ा, नरेंद्र वर्मा, चंद्रहास देवांगन, एकता वर्मा, महेश कुंभकार, प्रमिला, सोमेश, सागर, सौरभ चंद्राकर, रोहित यादव, सुरेश जंघेल, सहित सभी कर्मचारी उपस्थित थे।



## भाजपा समर्थित सरस्वती चंद्रवंशी 221 मतो से सुकुलदैहान की सरपंच बनीं

**राजनांदगांव ( नांदगाँव टाइम्स )।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में अधिकांश जगह पर भाजपा समर्थित प्रत्याशी ने जीत हासिल कर भाजपा का मान बढ़ाया है। इसी क्रम में शहर से महज कुछ दुरी पर बसे ग्राम पंचायत सुकुल दैहान में भाजपा समर्थित प्रत्याशी सरस्वती चंद्रवंशी ने ऐतिहासिक विजय प्राप्त की। सरपंच सरस्वती चंद्रवंशी 221 मतो से विजय श्री होकर दुसरी बार सरपंच बनी। सरपंच सहित पंचों का ग्रामीणों ने ऐतिहासिक स्वागत किया।



## जारवाही के ग्रामीणों ने सुनीता भुवाल पटेल को सौपी ग्राम विकास की जिम्मेदारी

**राजनांदगांव ( नांदगाँव टाइम्स )।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव का तीसरा व अंतिम चरण का मतदान 23 फरवरी दिन रविवार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ.डोंगरगांव ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत जारवाही में सुनीता भुवाल पटेल नवनिर्वाचित सरपंच हुई। इस ग्राम में सरपंच पद के लिए तीन उम्मीदवार मैदान में उतरे थे। जिसमें सुनीता भुवाल पटेल 169 मतों से विजय श्री हुई। इस जीत की खुशी में ग्राम जारवाही वासियों ने ग्राम में विजय जुलुस रैली निकाल कर जगह-जगह गांव वालों ने गुलाल लगाकर साल एवं श्रीफल भेंट कर पुष्प मालाओं से स्वागत सत्कार किया।इस अवसर पर नवनिर्वाचित सरपंच सुनीता भुवाल पटेल ने अपनी जीत का श्रेय संपूर्ण गांव की जनता को देते हुए आभार जताया।उन्होंने कहा कि गांव के सर्वांगीण विकास के लिए हमेशा तत्पर रहने की बात की और साथ ही साथ सबके सुख एवं दुख में साथ खड़ा रहूंगी।



## पेन्डरवानी मे 271 वोट से चुनाव जीतकर मेघा साहू बनी सरपंच

**राजनांदगांव ( नांदगाँव टाइम्स )।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में अधिकांश जगहों पर भाजपा समर्पित प्रत्याशी ने जीत हासिल कर भाजपा का मान बढ़ाया है।इसी क्रम में ग्राम पंचायत पेन्डरवानी विकासखंड डोंगरगांव में भाजपा समर्पित प्रत्याशी श्रीमती मेघा यशवंत साहू ने ऐतिहासिक विजय प्राप्त की। चुनावी मैदान में दो प्रत्याशी का सीधा मुकाबला था जिसमें मेघा यशवंत साहू ने 271 मतों से विजयी रही। ग्रामीणों ने बताया कि मेघा यशवंत साहू ने एक ऐतिहासिक जीत हासिल की है।सरपंच सहित पंचों का ग्रामीण ने ऐतिहासिक स्वागत किया। ग्रामीणों ने नवनिर्वाचित सरपंच मेघा यशवंत साहू का अबीर गुलाल व पुष्पहार पहनाकर सम्मान किया। सरपंच मेघा यशवंत साहू ने कहा कि गांव के विकास व शासन के विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए वे हमेशा तत्पर रहेगी।



**शुभांक**

**1-4-8**

**180-9 179-7**

**भाग्यांक**

**145-0 770-4**

# राजनांदगांव शहर में 1176 बकायेदारों से वसुल की गई 93 लाख 87 हजार की बकाया राशि, काटे गए 869 बिजली कनेक्शन

**राजनांदगांव ( नांदगाँव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा राजनांदगांव षहर में बिजली बिल का भुगतान नहीं करने वाले उपभोक्ताओं से बकाया राजस्व वसूली के लिए व्यापक स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें मॉस डिस्कनेक्शन के लिए गठित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की टीमों व्दारा शहर के 1176 बकायादार उपभोक्ताओं से 93 लाख 87 हजार रूपए की राशि की वसूली की गई तथा समझाइश के बाद भी बिजली बिल का भुगतान नही करने वाले 869 बकायादारों के विद्युत कनेक्शन काटी दी गई है। विदित हो कि बिजली कंपनी द्वारा बिजली बिल देयकों के भुगतान में विलंब होने पर उपभोक्ताओं का लगातार ध्यान आकृष्ट कराया जा रहा है, जिससे वे बिजली बिल समय पर जमा कर देंवें। मैदानी अधिकारी एवं उनकी टीम बकायेदार उपभोक्ताओं के पास स्वयं पहुंचकर बिजली बिल पटाने के लिए अनुरोध भी कर रहे हैं।

राजनांदगांव संभाग के कार्यपालन अभियंता श्री आर.के. गोस्वामी ने बताया कि घरेलू एवं गैर घरेलू कनेक्शनों के बकायेदारों के साथ ही औद्योगिक श्रेणी के बकायेदार उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन विच्छेदन एवं बकाया राशि वसूली की कार्यवाही की जा रही है। इस अभियान के तहत राजनांदगांव राजनांदगांव शहर में 869 उपभोक्ताओं के कनेक्शन जिन पर 86 लाख रूपए की राशि बकाया था, ऐसे बकायेदार उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन बकाया भुगतान नहीं किये जाने पर काट दिए गये हैं। इस अभियान साथ ही उपभोक्ताओं को लाइन विच्छेदन से बचने के लिए समय पर विद्युत बिल राशि का भुगतान मोर बिजली ऐप के माध्यम से करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है, साथ ही उन्हें छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रदत्त 400 यूनिट तक हॉफ बिजली बिल योजना के संबंध में भी जानकारी दी जा रही है। राजस्व वसूली के लिए तैनात अधिकारियों द्वारा केंद्र शासन द्वारा संचालित पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत 300 यूनिट तक फ्री बिजली एवं शासन द्वारा प्रदत्त सब्सिडी बारे में जानकारी भी दी जा रही है। इस दौरान मीटर रीडिंग के लिए अनुबंधित रीडरों द्वारा संपादित किये जा कार्यो का भी निरीक्षण किया जा रहा है। उन्होंने बकायादार उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा है कि विद्युत देयकों का भुगतान नियमित रूप से करें ताकि विच्छेदन की कार्यवाही से होने वाली असुविधा से बचा जा सके। बिजली बिल का नियमित भुगतान नहीं करने पर उपभोक्ताओं को राज्य सरकार की बिजली बिल हॉफ योजना का लाभ भी नही मिल पायेगा। क्योंकि बिजली का नियमित भुगतान नहीं होने से वे स्वतः अपात्र हो जायेंगें। राजनांदगांव जिले के समस्त शासकीय विभाग के प्रमुखों को पत्र प्रेषित कर अतिशीघ्र बिजली बिल भुगतान करने हेतु निवेदन किया गया है। निर्धारित समयावधि में इन लंबित देयकों के भुगतान नहीं होने की स्थिति में शासकीय विभागों के कनेक्शनों को काटने की कार्यवाही की तैयारी भी कर ली गई है।



# नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूल.बल्देवबाग का ग्रेजुएशन सेरेमनी सम्पन्न

**राजनांदगांव ( नांदगाँव टाइम्स )।** नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूल.बल्देवबाग के केजी.2 के बच्चों का ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन 25 फरवरी को सम्पन्न हुआ। उक्त सेरेमनी का आरंभ संस्था के डायरेक्टर नीरज बाजपेयीए श्रीमती सोनल बाजपेयीए द्वारा माँ सरस्वती के तैलचित्र में मार्ल्यापणए दीप प्रज्ज्वलित व सरस्वती वंदना कर किया गया। उक्त कार्यक्रम में केजी.2 के बच्चों को शाला द्वारा विशेष वेशभूषा ;हेट.गाउनद्ध पहनाया गया। इस आयोजन में इन छोटे बच्चों द्वारा अंग्रेजी व हिन्दी में भाषण एवं गीत.नृत्य भी प्रस्तुत किए गए। उक्त भाषण एवं गीत.नृत्यों को कक्षा शिक्षिकाओं द्वारा पंक्तिबद्ध एवं स्वरबद्ध किया गया था। उक्त गीतों में ष्माता.पिता तुम्हें वंदनष् सुन पालक भाव.विभोर हो उठे। इस आयोजन में सभी पालकों की गरिमामयी.आत्मीय उपस्थिति देखते ही बनी। उक्त अवसर पर संस्था के डायरेक्टर श्री बाजपेयी द्वारा बच्चों को केजी.2 से क्लास.1 में जाने पर शुभकामनाएं एवं अशीर्वचन दिया गया। श्री बाजपेयी ने पालकों का आभार जताते हुए अपने उद्बोधन में पालकों को आश्वस्त कराया कि संस्था सदैव आपके बच्चों का उचित मार्गदर्शन एवं शिक्षा के साथ संस्कार देने हेतु पूर्ण जिम्मेदार है। नयी शिक्षा नीति के तहत बच्चों का समग्र विकास व गुणवत्ता एवं संस्कारयुक्त शिक्षा का उचित वातावरणए शाला द्वारा दिया जायेगा। इस आयोजन में पालकों में हर्ष का माहौल देखते ही बना। इस सफल आयोजन के लिए श्री बाजपेयी जी ने शाला की पूरी टीम की सराहना की। इन पूरे कार्यक्रमों में एनपीपीएस.बल्देवबाग एचणएमण् श्रीमती वैशाली सिंग सहित स्कूल की शिक्षिकाएंए डॉयरेक्टर सुश्री कुंतल बाजपेयीए प्राचार्या श्रीमती ईला राठौरए उपप्राचार्या श्रीमती आरती पिल्लई ने सभी बच्चों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए सभी पालकों को उनकी इस उपस्थिति के लिए आभार व्यक्त किया। उक्त जानकारी शाला प्रशासक ने दी।



## विश्व कैंसर दिवस को समर्पित कार्यक्रम का आयोजन

**राजनांदगांव।** भारतीय जैन संगठन महिला शाखा राजनांदगांव द्वारा रामाधीन मार्ग स्थित तेरापंथी भवन में मंगलवार को विश्व कैंसर दिवस को समर्पित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप में डॉ अर्पण चतुर्मुथा, डॉ अविनाश तिवारी व श्रीमती सिद्धि मिरानी जी उपस्थित रहे। सिद्धि फाउंडेशन के सदस्य के रूप में आरती श्रीवास्तव, व दिव्या नागड़िया ने भी हिस्सा लिया। विशेष अतिथि के रूप में सकल जैन श्री संघ के अध्यक्ष श्री मनोज जी बैद, पूर्व जोन अध्यक्ष - ललित जी भंसाली, रीजनल प्रेसिडेंट - दीपक जी नवलखा, रीजनल सेक्रेटरी -दीपक जी गिड़िया, स्टेट कॉर्डिनेटर फाउंडेशन की हेड श्रीमती शांता जी कोटड़िया व प्रोग्राम हेड श्रीमती आशा जी सेठिया भी सहभागी रहे। मंगलाचरण हेतु श्रीमती सुमन जी कांकरिया और खुशबू जी ढेलडिया को मंच पर आमंत्रित किया। तत्पश्चात मुख्य अतिथियों का स्वागत किया गया। डॉ अर्पण चतुर्मुथा जी ने बड़ी संख्या में उपस्थित महिलाओं को कैंसर के अलग अलग प्रकारों पर रोशनी डालते हुए इसके विभिन पहलुओं परचर्चा की और विषेश रूप से H P V वैक्सीनेशन के महत्व को रेखांकित करते हुए बताया कि H PV वैक्सीनेशन द्वारा गर्भाशय के खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है।



# पनियाजोब में 5 एम.व्ही.ए. का नया पॉवर ट्रांसफार्मर को किया गया क्रियाशील

**डोंगरगढ़ ( नांदगाँव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा मुख्यमंत्री विद्युत अधोसंरचना विकास योजना के अन्तर्गत नगरीय एवं ग्रामीण अंचलों में समुचित वोल्टेज पर निर्बाध व गुणावत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विद्यमान उपकेन्द्रों में स्थापित पॉवर ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि का कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता से किया जा रहा है। इसी परिपेक्ष्य में डोंगरगढ़ उपसंभाग के ग्राम पनियाजोब में स्थित 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र में विद्यमान 3.15 एम0व्ही0ए0 के पॉवर ट्रांसफार्मर का क्षमता में वृद्धि करते हुए मुख्यमंत्री विद्युत अधोसंरचना विकास योजना के तहत 59 लाख 76 हजार रूपये के लागत से 5 एम0व्ही0ए0 का नया पॉवर ट्रांसफार्मर स्थापित कर चार्ज किया गया। इस प्रकार पनियाजोब उपकेन्द्र की क्षमता 3.15 एम0व्ही0ए0 से बढ़कर 5 ए0व्ही0ए0 हो गया है। विद्युत कंपनी के उच्चाधिकारियों के विशेष प्रयासों से विद्युत विकास के लिए स्वीकृत इस कार्य से पनियाजोब उपकेन्द्र के परिधि में आने वाले डोंगरगढ़ ग्रामीण क्षेत्र के किसानों तथा उपभोक्ताओं को इसका लाभ मिलेगा। ग्राम पनियाजोब उपकेन्द्र में स्थापित 5 एम0व्ही0ए0 का नया पॉवर ट्रांसफार्मर के ऊर्जीकरण से लगभग 2425 उपभोक्ताओं को उच्च गुणवत्ता की विद्युत सेवा का लाभ मिलेगा। इस अवसर पर राजनांदगांव क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक श्री शिरीष सेलट एवं अधीक्षण अभियंता श्री शंकेश्वर कंवर ने इस कार्य को सफलतापूर्वक किये जाने पर कार्यपालन अभियंता श्री एन0 के0 साहू, श्री एम0के0 साहू, श्री ए.डी. टण्डन, सहायक अभियंता श्री दिलीप सोनी, श्री ए.के. विश्वकर्मा, श्री आर0के0 साहू, कनिष्ठ अभियंता श्री पवन यदु, श्री सम्मन लाल ठाकुर और उनकी टीम की सराहना की है।



## न्यायालय तहसीलदार राजनांदगांव जिला राजनांदगांव (छ.ग.)

-:: ईश्तहार::-

**रा.मा. क्रं......अ-19(3) वर्ष-2024-25**

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासी/आम जनता को सूचित किया जाता है कि कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी राजगामी संपदा राजनांदगांव का पत्र क्रमांक 42/रा.सं./2025 राजनांदगांव दिनांक 24.02.2025 के अनुसार पुलिस अधीक्षक जिला राजनांदगांव द्वारा थाना लालबाग के नवीन कार्यालय भवन निर्माण हेतु ग्राम पेण्ड्री तह. व जिला राजनांदगांव स्थित रा.नि.म. कौरिनभाठा प.ह.न. 36 का खसरा नंबर 738/5 का रकबा 0. 530हे. राजगामी संपदा भूमि का चयन कर लालबाग थाना कार्यालय निर्माण हेतु आबंटन किये जाने की मांग किया गया है। उक्त प्रकरण में जांच हेतु इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त वर्णित भूमि को आबंटन किये जाने में जिस किसी को कोई आपत्ति, दावा प्रस्तुत करना हो तो वे पेशी दिनांक 13/03/2025 तक लिखित में मेरे न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अतएवं उक्त ईश्तहार आज दिनांक 25/02/2025 को मेरे स्वंय के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया ।

**जारी दिनांक - 25/02/2025**
**सुनवाई दिनांक - 13/03/2025**

**तहसीलदार**
**राजनांदगांव**

**जी - 242505580/2**

## दिव्य प्रेरणा प्रकाश ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित

**राजनांदगाँव ( नांदगाँव टाइम्स )।** विद्यार्थी काल जीवन की नींव है इसे सुदृढ़ करने तथा बचपन से ही उत्तम संस्कारो से पोषित करने के उद्देश्य से पूज्य संत श्री आशारामजी बापू ने पिछले 6 दशकों से बाल संस्कार केंद्र के माध्यम से करोड़ो विद्यार्थियों को उन्नत किया है । आज भी यह सेवा अनवरत जारी है । पूज्य संत श्री आशारामजी बापू प्रेरित बाल संस्कार विभाग द्वारा जिले में दिव्य प्रेरणा प्रकाश ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित की गई । यह प्रतियोगिता क्षेत्रीय स्तर में तीन चरणों में आयोजित की गई थी । प्रत्यके क्षेत्र से अव्वल रहने वाले एक-एक विद्यार्थीयों को आज जिला स्तरीय दिव्य प्रेरणा प्रकाश ज्ञान प्रतियोगिता में शामिल किया गया । यह प्रतियोगिता राजनांदगाँव के अलावा गंडई तथा मोहला में भी आयोजित की गई । इस प्रतियोगिता में प्रत्येक वर्ग के विद्यार्थियों को प्रथम, द्वितीय व तृतीय आने वाले विद्यार्थियों को पुरुस्कार एवं प्रमाण पत्र दिया गया ।

### न्यायालय नजूल अधिकारी राजनांदगांव (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.मा.क्र. 202402093800025
अ 20 (1) वर्ष 2023-24

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रूपचंद भीमनानी पिता हसमत राय भीमनानी निवासी पुरानी सिविल लाईन राजनांदगांव द्वारा मोहल्ला पुरानी सिविल लाईन राजनांदगांव स्थित नजूल भूमि शीट कमांक 46 डी प्लाट नंबर 12 में से 490 वर्गफीट का स्थायी पट्टा प्रदान किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जो नजूल संधारण खसरा में मोहल्ला टांकापारा शीट कमांक 46डी भूखण्ड क्रमांक 12/1 क्षेत्रफल 4478.28 वर्गमीटर रास्ता छ.ग. शासन नजूल के नाम से दर्ज है व रा.नि. नजूल द्वारा आवेदित भूखण्ड के अंश भाग क्षेत्रफल 44.60 वर्गमीटर पर आवेदक का कब्जा होना बताया गया है। अतः उपरोक्त रास्ता मद की भूमि में से 44.60 वर्गमीटर को आवेदक रूपचंद भीमनानी पिता हसमत राय भीमनानी निवासी पुरानी सिविल लाईन राजनांदगांव के नाम पर आबंटित कर स्थायी पट्टा प्रदान किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति पेश करना हो तो वे अपना दावा आपत्ति इस ईश्तहार के जारी दिनांक से 15 दिवस के भीतर न्यायालयीन अवधि में उपस्थित होकर लिखित रूप में पेश कर सकते हैं। समयावधि के पश्चात् प्राप्त आक्षेप पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 24.02.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

**पेशी दिनांक 10.03.2025**

**सील** | **नजूल अधिकारी राजनांदगांव**

### न्यायालय तहसीलदार छुईखदान के न्यायालय मे मामला क्रमांक: 202501290800023

विषयः-ब-121 मामले की श्रेणीः- राजस्व
सनः-2024-2025
गढ़वंजा प.ह.न. 00012 [(हे0)]
पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार- दसरी,
अनावेदक पक्षकार -

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दसरी पति मानसिंग जाति गोंड निवासी गढबंजा तहसील छुईखदान के द्वारा अपनी माताजी भगेलिन पति बुधन गोंड का मृत्यु दिनांक 01-12-2003 को ग्राम गढबंजा में होना उल्लेखित करते हुए अपनी माताजी का मृत्यु दिनांक ग्राम पंचायत में पंजीयन किये हेतु निर्देश जारी करने बाबत आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई दावा-आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 12/03/2025 को या पूर्व इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के माध्यम से अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, तिथि समाप्त पश्चात् प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 14/01/2025 को जारी किया जाता है।

**सील** | **तहसीलदार छुईखदान**

### न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिकदण्डाधिकारी खैरगढ़ जिला-खैरागढ़, छुईखदान, गंडई (छ.ग.)

:: ईश्तहार ::

**रा. मा. क. ...बी 121 वर्ष 2024-2026**

एदत् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक शांति बाई आ. रघुनंदन निवासी शहर / ग्राम ढारभांठा प.ह.नं.. तहसील खैरागढ़ जिला राजनांदगांव छ.ग. अपने दादी तीजिया बाई पति उदेराम मृत्यु प्रमाण पत्र की मांग की गई है। उपरोक्त आवेदन पत्र इस न्यायालय में जन्म / मृत्यु दिनांक 20/09/1995 को स्थान चारभाण पर होना बताया जाकर मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु प्रकरण विचारधीन है। इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो तो वे सुनवाई तिथि 05/03/2025 लिखित में स्वयं / अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से पेश कर सकते है। बाद में प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार दिनांक 17/02/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**जारी दिनांक - 17/02/2025**
**सुनवाई दिनांक - 05/03/2025**

**सील** | **कार्यपालिक दण्डाधिकारी खैरागढ़**

### कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), राजनांदगांव, जिला-राजनांदगांव, छत्तीसगढ

// ईश्तहार //

क्र./ प्रवा0-3/अ0वि0अ0 / 2025
राजनांदगांव, दिनांक 14/02/2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक...कु0 खुशी जैन उर्फ रूपम जैन पिता स्वरूप जैन, निवासी नंदई, राजनांदगांव, तहसील व जिला राजनांदगांव, के द्वारा निज स्वामित्व की भूमि ग्राम नंदई, पटवारी हल्का नंबर 41, खसरा नंबर 15048/1 रकबा 0.0320 हेक्टेयर के आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन एवं पुनर्कर निर्धारण का आवेदन मय, खसरा बी-1, नक्शा, ऋण पुस्तिका की प्रति, पंजीयन बैनामा, स्वीकृत अभिन्यास की प्रति के साथ प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त कृषि भिन्न प्रयोजन के, पुनर्कर निर्धारण बाबत जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति इस उद्?घोषणा उद्घोषणा प्रकाशन दिनांक से स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि 28/02/202 अक न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा। दावा / आपत्ति

यह ईश्तहार आज दिनांक 14/02/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से जारी किया गया।

**सील** | **अनुविभागीय अधिकारी (रा0) राजनांदगांव**

### कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), राजनांदगांव, जिला-राजनांदगांव, छत्तीसगढ

// ईश्तहार //

क्र./ प्रवा0-3/अ0वि0अ0 / 2025
राजनांदगांव, दिनांक 14/02/2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक....कु0 खुशी जैन उर्फ रूपम जैन पिता स्वरूप जैन, निवासी नंदई, राजनांदगांव, तहसील व जिला राजनांदगांव, के द्वारा निज स्वामित्व की भूमि ग्राम नंदई, पटवारी हल्का नंबर 41, खसरा नंबर 15047 रकबा 0.0810 हेक्टेयर के आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन एवं पुनर्कर निर्धारण का आवेदन मय, खसरा बी-1, नक्शा, ऋण पुस्तिका की प्रति, पंजीयन बैनामा, स्वीकृत अभिन्यास की प्रति के साथ प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त कृषि भिन्न प्रयोजन के, पुनर्कर निर्धारण बाबत जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति इस उदघोषणा प्रकाशन दिनांक से स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत विधि 28/02/2025 तक तक न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 14/02/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से जारी किया गया।

**सील** | **अनुविभागीय अधिकारी (रा0) राजनांदगांव**

nandgaon times feb-28-5.qxd 2/28/2025 12:00 AM Page 3



## ज्ञान मंथन

*1) हाल ही में, किस संगठन ने साहिबी (साबी) नदी के प्रवाह को सफलतापूर्वक खोजा?*

*2) वर्ल्ड माइग्रेटरी बर्ड डे 2024 का थीम क्या है?*

*3) भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र किस मंत्रालय के अंतर्गत स्थापित किया गया है?*

*4) सह्याद्री टाइगर रिजर्व किस राज्य में स्थित है?*

*5) नेटुम्बो नंदी नदैतवाह किस देश की पहली महिला राष्ट्रपति चुनी गई हैं?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) इंडियन नेशनल ट्रस्ट फॉर आर्ट एंड कल्चरल हेरिटेज (2) कीड़ों की रक्षा करें, पक्षियों की रक्षा करें (3) गृह मंत्रालय (4) महाराष्ट्र (5) नामिबिया

# साधु संत जिस दिन धरा उसी दिन दिवाली और दशहरा - निर्यापक श्रमण मुनि श्री समतासागर महाराज जी

## मुनि श्री समतासागर महाराज का मंगल विहार राजनांदगांव की ओर प्रातः मंगल प्रवेश

**राजनांदगांव (नांदगाँव टाइम्स)।** संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागरजी महाराज के परम प्रभावक शिष्य पंचम निर्यापक श्रमण मुनि श्री समता सागर महाराज का मंगल विहार डोंगरगांव से राजनांदगांव की ओर हुआ7 रात्री विश्राम होकर मुनि श्री की आहार चर्या राजनांदगांव में होगी। प्रवक्ता अविनाश जैन ने बताया प्रात:काल मुनि श्री समतासागर महाराज ने भगवान का अभिषेक एवं शांतिधारा कराते हुये अभिषेक के विभिन्न स्वरुप की चर्चा करते हुये कहा पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव में सबसे पहले जन्माभिषेक तत्पश्चात राज्याभिषेक इसके बाद दीक्षाभिषेक तथा कैवल्यज्ञान हो जाने के पश्चात सभी जिनबिंब प्रतिमाओं का जो अभिषेक होता है वह अभिषेक कहलाता है उपरोक्त उदगार निर्यापक श्रमण मुनि श्री समतासागर महाराज ने भगवान का अभिषेक एवं विश्व में शांती हो, सभी जीव सुखी एवं स्वस्थ रहें की भावना से प्रात:काल डोंगरगांव में संपन्न कराई।

मुनि श्री ने कहा महाराष्ट्र में एक कहावत प्रसिद्ध है कि साधू संत जिस दिन धरा उसी दिन दिवाली और दशहरा यह आप लोगों का बहुत बड़ा पुण्य है कि मुनिसंघ आपके नगर में है तथा आर्यिका संघ



का विहार भी इसी तरफ चल रहा है7 उन्होंने कहा कि प्रतिदिन सभी श्रावकों को अभिषेक और पूजा करना चाहिये7 उन्होंने कहा कि भगवान का अभिषेक तो सम्यक् दृष्टि भी करता है और मिथ्या दृष्टि भी करता है अंतर इतना है कि सम्यक् दृष्टि धर्म मानकर अभिषेक करता है वहीँ मिथ्यादृष्टि उनको अपना देवता मानकर अभिषेक करते है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग कहते है कि बोली क्यों लगाई जाती है? जवाब देते हुये कहा कि सभी को अपने भावों को व्यक्त करने का अधिकार होता है। अब प्रथम अभिषेक के लिये पात्र चयन तो करना ही पड़ेगा इसलिये बोली के माध्यम से यह व्यवस्था होती है इससे जिनालय की व्यवस्था भी निर्विवाद चलती रहती है। प्रवक्ता आविनाश जैन एवं प्रचार प्रमुख निशांत जैन ने बताया प्रात:कालीन बेला में निर्यापक श्रमण मुनि श्री वीर सागर महाराज ने मन की एकता के साथ ध्यान कराया और कहा कि शुभ परिणामों के साथ यदि एक ग्रहस्थ षट आवश्यक का पालन करता है तो उसके जीवन में महत्वपूर्ण परिवर्तन आ सकता है। प्रवक्ता अविनाश जैन एवं प्रचार प्रमुख निशांत जैन ने बताया निर्यापक श्रमण समतासागर महाराज के साथ मुनि श्री पवित्रसागर जी, ऐलक श्री निश्चयसागर जी ऐलक श्री निजानंद सागर जी तथा क्षुल्लक श्री संयम सागर जी महाराज का पग विहार चल रहा है रात्री विश्राम होकर प्रात:कालीन बेला में राजनांदगांव मंगलप्रवेश होगा एवं धर्म सभा तथा आहार चर्या संपन्न होगी।

## शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के छः विद्यार्थियों का सिद्धाचलम प्रयोगशाला, रायपुर में कैंपस द्वारा चयन

**राजनांदगांव (नांदगाँव टाइम्स)।** शासकीय दिग्विजय स्वशासी महाविद्यालय राजनांदगांव की प्राचार्या डॉ सुचित्रा गुप्ता के मार्गदर्शन में




रोजगार एवं मार्गदर्शन सेल के तत्वाधान में दिनांक 19 फरवरी 2025 को कैंपस का आयोजन किया गया7 रोजगार एवं मार्गदर्शन के संयोजक डॉ संजय ठिसके ने बताया की शासकीय दिग्विजय स्वशासी पीजी कॉलेज, राजनांदगांव एवं सिद्धाचलम प्रयोगशाला, रायपुर के संयुक्त तत्वाधान द्वारा एम ओ यू के अंतर्गत 19 फरवरी 2025 को आयोजित साक्षात्कार में महाविद्यालय के कुल छ: उम्मीदवारों का चयन किया गया है जिसमे रसायनज्ञ/बायोटेक्नोलॉजिस्ट/माइक्रोबायोलॉजिस्ट पद के लिए पायल, ?नम्रता साहू, ?सुमन मनीला पुरी, ?पूर्णिमा साहू, कंप्यूटर ऑपरेटर हेतु तुषार कुमार साहू एवं लैब अटेंडेंट के लिए टिकेश्वरी साहू है 7 सिद्धाचलम प्रयोगशाला, रायपुर की डायरेक्टर डॉ भावना जैन ने कहा की दिग्विजय कॉलेज में निकट भविष्य में उनकी ओर से और भी ऐसे कैंपस का आयोजन किया जायेगा जिसमे ग्रामीण क्षेत्रो के विद्यार्थियो को जो महाविद्यालय में पढाई कर रहे है उनको रोजगार मिल सके 7 रोजगार एवं मार्गदर्शन के सदस्य डॉ डाकेश्वर कुमार वर्मा, चिरंजीव पांडे, रागिनी पराते कार्यक्रम के वक्त उपस्थित थे 7 महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सुचित्रा गुप्ता, रजिस्ट्रार श्री दीपक परगनिहा एवं समस्त प्राध्यापको ने विद्यार्थियों के इस सफलता पर सभी को शुभकामनाये प्रेषित की है।

## मुख्यमंत्री ने बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव की जयंती पर किया नमन

**रायपुर ।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव की जयंती पर नमन किया। उन्होंने कहा कि बाबू साहेब ने छत्तीसगढ़ में स्वतंत्रता आंदोलन और जनजागरण में अहम भूमिका निभाई। उनके नेतृत्व में छेड़ा गया कण्डेल नहर सत्याग्रह, अन्याय और शोषण के विरुद्ध एक ऐतिहासिक आंदोलन बना, जिससे उनकी जन्मभूमि कण्डेल गांव का नाम इतिहास में दर्ज हो गया।

## महाशिवरात्रि महोत्सव के अंतिम दिन दिलीप षड़ंगी ने बांधा समां




**डोंगरगढ़ (नांदगाँव टाइम्स)।** श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति द्वारा आयोजित तीन दिवसीय महाशिवरात्रि पर्व महोत्सव के अंतिम दिन छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध भजन व जस गीत गायक दिलीप षडंगी ने ऐसा समा बांधा कि कार्यक्रम स्थल में मौजूद हजारों श्रोता प्रारंभ से अंत तक डटे रहे। गायक दिलीप षडंगी ने अपने प्रसिद्ध भजनों कोरी कोरी नरियल चढ़े, आमापान के पत्री, झूपत झूपत आये, पाताल चटनी, चंदवा बैगा, जप हर हर महादेवा सहित अन्य भजनों की प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल उपाध्यक्ष द्वय अनिल गट्टानी व संजय श्रीवास्तव कोषाध्यक्ष चंद्र प्रकाश मिश्रा मंत्री महेंद्र परिहार सहमंत्री बबलू शांडिल्य पूर्व अध्यक्ष पिताम्बर स्वामी ट्रस्टी गण प्रकाश बिंदल संजीव गोमास्ता विशेष आमंत्रित सदस्य अजय ठाकुर ने चुनरी भेंट कर गायक दिलीप षडंगी का स्वागत किया। ज्ञात हो वर्तमान ट्रस्ट मंडल द्वारा विगत वर्ष ही तीन दिवसीय महाशिवरात्रि पर्व महोत्सव आरम्भ किया गया है । महाशिवरात्रि पर्व पर आयोजित इस कार्यक्रम को डोंगरगढ़ शहर एवं ग्रामीण अंचलों के नागरिकों द्वारा बहुत सराहा जा रहा है। तीन दिवसीय आयोजन के प्रथम दिन छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध गायक विवेक शर्मा दूसरे दिन सुप्रसिद्ध गायिका



शहनाज़ अख्तर और अंतिम दिन दिलीप षडंगी ने अपनी प्रस्तुति दिया। श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति द्वारा इस आयोजन के सफलतापूर्वक सम्पन्न होने पर जिलाधीश जिला पुलिस अधीक्षक एसडीएम एसडीओपी थाना प्रभारी एवं सहयोगी पुलिस कर्मियों पीडब्लूडी नगरपालिका परिषद समस्त शासकीय विभागों व नागरिक गणों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया गया है। साथ ही भविष्य में जन अपेक्षाओं के अनुरूप ऐसे ही धार्मिक आयोजन निरंतर कराये जाने का आश्वासन भी दिया गया है।

## कल होगा निर्यापक श्रमण पूज्य श्री समता सागर महाराज का राजनांदगांव नगर आगमन

**राजनांदगांव।** आचार्य गुरुवर विद्यासागर महाराज एवं नव आचार्य 108 समय सागर जी महाराजके श्रेष्ठ शिष्य निर्यापक मुनि 108 श्री समता सागर जी महाराज एवं 108 मुनि श्री पवित्र सागर जी महाराज अपने आठ शिष्य एलक एवं छुल्लक महाराज जी का संसंघ आगमन प्रात: 8 बजे डोंगरगांव से राजनांदगांव हो रहा है । दिगंबर जैन पंचायत के सचिव सूर्यकांत जैन ने जानकारी देते हुए बताया



कि मुनिश्री का रात्रि विश्राम ग्राम घोरदा में हुआ, वहां से उनका मंगल विहार प्रात: 6:00 बजे होगा होगा। इसके पश्चात प्रात: 8:00 बजे तक मुनि श्री संसंघ इंदिरा नगर चौक पहुंच जाएंगे। सभी जैन समाज एवं धार्मिक बंधुओ से आग्रह है कि अधिक से अधिक संख्या में अगवानी हेतु उपस्थित होकर धर्म लाभ लेवे।

# नगरीय निकाय के बाद ग्रामीण में भी भाजपा ने परचम लहराया

**डोंगरगढ़ (नांदगाँव टाइम्स)।** नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा की जीत के बाद ग्रामीण पंचायत चुनाव में भी भाजपा ने परचम लहराया है. त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के परिणाम आते ही भाजपा में खुशी की लहर छा गई. वहीं क्षेत्र क्रमांक 07 से भाजपा को एतिहासिक जीत मिली है. मिली जानकारी अनुसार भाजपा प्रत्याशी प्रशांत कोड़ापे ने कांग्रेस की अपनी निकट प्रतिद्वंद्वी श्रीमती पुष्पा रमेश साहू को रिकार्डतोड़ 12610 मतो से हराकर जीत का परचम लहराया तो दूसरी ओर जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 08 से भाजपा की किरण अमर साहू ने अपने निकट प्रतिद्वंद्वी भाजपा से बागी होकर निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रही श्रीमती कविता रविंद्र अग्रवाल को 3520 मतो से परास्त कर भाजपा की जीत का परचम लहराया है. वहीं जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 10 से अनीता मंडावी ने अपनी निकट प्रतिद्वंद्वी रामछतरी चंद्रवंशी को 6488 मतो से हराकर विजयश्री प्राप्त की है. इधर क्षेत्र क्रमांक 07 में कांग्रेस से बागी होकर निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में खड़े महेंद्र कुमार यादव ने अपने निकट प्रतिद्वंद्वी रामनाथ वर्मा को 6498 मतो से विजयी होकर निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में जिला पंचायत में अपना स्थान बनाया है.

**जनपद में धुरंधर हारे, नये चेहरो पर जनता का विश्वास.**

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में 25 जनपद सीट के लिए घमासान मचा हुवा था और गहमागहमी के बीच ऐसे कई धुरंधर प्रत्याशियों को हार का सामना करना पड़ा जो चुनाव की रणनीति बनाने में महारथ

### जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 08 में प्रशांत कोड़ापे की एतिहासिक जीत.

हासिल किए जाने की चर्चा खास है. मिली जानकारी अनुसार जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 01 से गिरजावती भैंसा ने अपनी निकट प्रतिद्वंद्वी पूर्णा मंडावी को 1018 मतो से पराजित किया है. उसी प्रकार क्षेत्र क्रमांक 02 से अशोक नेताम 712 मतो से विजयी, क्षेत्र क्रमांक 03 थनवार मंडावी 507 मतो से विजयी, क्षेत्र क्रमांक 04 रेशमा टाकेश्वर कंवर 545 मतो से विजयी, क्षेत्र क्रमांक 05 सुरेश कुमार वर्मा 275 मतो से विजयी, क्षेत्र क्रमांक 06 उर्वशी वर्मा 1522 मतो से विजयी, क्षेत्र क्रमांक 08 प्रीति वैष्णव 1793 मतो से विजयी, क्षेत्र क्रमांक 09 मंजु वर्मा 382 मतो से विजयी, क्षेत्र क्रमांक 10 सरिता ओम प्रकाश मंडावी 1476 मतो से विजयी, क्षेत्र क्रमांक 11 निरज बाई छेदेया 1331 मतो से विजयी, क्षेत्र क्रमांक 12 जेठुराम कंवर 1268 मतो से विजयी, क्षेत्र क्रमांक 13 रामकुंवर कांमडे 234 मतो से विजयी, क्षेत्र क्रमांक 14 टामेश्वर साहू 31 मतो से विजयी, क्षेत्र क्रमांक 15 उमेश कुमार साहू 1137 मतो से विजयी, क्षेत्र क्रमांक 16 पूजा चौधरी 1004 मतो से विजयी, क्षेत्र क्रमांक 17 सीमा ओम प्रकाश साहू 200 मतो से विजयी, क्षेत्र क्रमांक 18 रामेश्वरी एवन वर्मा 456 मतो से विजयी, क्षेत्र क्रमांक 19 अहिल्या रामेश्वर कंवर 809 मतो से विजयी, क्षेत्र क्रमांक 20 हीराराम वर्मा 497 मतो से विजयी, क्षेत्र क्रमांक 21 प्रतिमा खरे 909 मतो से विजयी, क्षेत्र क्रमांक 22 दुर्गा प्रसाद रात्रे 70 मतो से विजयी, क्षेत्र क्रमांक 23 गुलशन कुमार लिल्हारे(दाउ) 724 मतो से विजयी, क्षेत्र क्रमांक 24 मनहरण सिन्हा 265 मतो से विजयी तो जनपद क्षेत्र क्रमांक 25 से लता सिन्हा ने अपने निकट प्रतिद्वंद्वी अनिता राम खिलावन साहू को 1420 मतो से पराजित कर जनपद सदस्य के रूप में अपना स्थान सुरक्षित किया है.

## निकाय चुनाव में करारी हार, कांग्रेस 28 को करेगी समीक्षा बैठक

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय चुनावों में कांग्रेस की हार की समीक्षा के लिए 28 फरवरी को कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक में कार्यकारिणी के सदस्यों के साथ कांग्रेस के प्रभारी सचिव जारिता लैतफलांग, संपत कुमार और सह प्रभारी विजय जांगिड़ भी मौजूद रहेंगे। बैठक में नगरीय निकाय चुनावों में कांग्रेस की हार और पंचायत चुनाव में जीत के दावों को लेकर गहन चर्चा की जाएगी। इस बीच, पीसीसी अध्यक्ष को हटाने की चर्चाओं के चलते यह बैठक और भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। निकाय चुनावों में हार के बाद कांग्रेस के कई नेताओं ने पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। हार के पीछे टिकट वितरण में गड़बड़ी और पार्टी में बढ़ती गुटबाजी को अहम कारण माना जा रहा है। इस बैठक में इन सभी मुद्दों पर विचार-विमर्श किया जाएगा और संगठन को मजबूती प्रदान करने के उपायों पर चर्चा होगी। इसके अलावा, हाल ही में राजीव भवन में ईडी की टीम के पहुंचने और सुकमा एवं कोंटा में निर्मित कांग्रेस भवन को लेकर जारी किए गए समन को संगठन ने गंभीरता से लिया है।

## धर्म समाचार....


## मंत्र जप और ध्यान से दूर होता है तनाव : परिवार और साधु-संतों की संगत में रहेंगे तो नकारात्मक विचारों से मिलेगी मुक्ति

आज की भागती-दौड़ती जिंदगी में अधिकतर लोग तनाव यानी स्ट्रेस का शिकार हैं। तनाव की वजह से जरूरी काम करने में, घर-परिवार में रिश्ते बनाए रखने में, सेहत के मामले में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। तनाव दूर करने के लिए कुछ बातों का ध्यान रखेंगे तो लाभ मिल सकता है... उज्जैन के ज्योतिषाचार्य पं. मनीष शर्मा के मुताबिक, हमें ऐसे लोगों से दूर रहना चाहिए, जिनके विचार नकारात्मक हैं। महाभारत में दुर्योधन पूरे समय शकुनि की संगत में रहता था। शकुनि के विचार नकारात्मक थे और उसके विचारों का सीधा असर दुर्योधन पर हुआ। रामायण में रावण की संगत की वजह से मारीच, मेघनाद, कुंभकर्ण मारे गए। हनुमान, सुग्रीव, विभीषण श्रीराम की संगत में रहें, जिससे उनका जीवन सफल हो गया। महाभारत में पांडव श्रीकृष्ण के साथ रहे, जिससे उनकी सभी समस्याएं खत्म हो गईं। इसलिए हमें भी ऐसे लोगों की संगत में रहना चाहिए, जिनकी सोच सकारात्मक है और जो दूसरों की भलाई के बारे में सोचते हैं। ऐसे लोगों के साथ रहेंगे तो हमारे विचार भी सकारात्मक बनेंगे और हम तनाव से बचे रहेंगे। पूजा-पाठ, मंत्र-जप और ध्यान करने से मन की एकाग्रता बनी रहती है। विचारों में पवित्रता आती



है, नकारात्मकता दूर होती है। इसी वजह से ग्रंथों में, साधु-संत और विद्वान रोज पूजा, मंत्र-जप और ध्यान करने की सलाह देते हैं। अगर विधिवत पूजा-पाठ नहीं कर पाते हैं तो अपने समय के अनुसार ही ये शुभ काम कर सकते हैं। तीर्थ यात्रा यानी पौराणिक महत्व वाली जगहों पर दर्शन-पूजन करना। जब लंबे समय तक एक जैसा जीवन चलते रहता है, एक जैसी परेशानियां बनी रहती हैं तो जीवन में निरसता आ जाती है। इस निरसता को दूर करने के लिए समय-समय पर तीर्थ स्थान जैसे द्वादश ज्योतिर्लिंग, 51 शक्तिपीठ, चार धाम जैसी पौराणिक जगहों पर जा सकते हैं। तीर्थ यात्रा करने से नई-नई जगहें देखने को मिलती हैं, नए लोगों से मिलना होता है, जीवन में नयापन आता है। जब हम डेली लाइफसे कुछ दिनों का ब्रेक लेते हैं तो जीवन में ताजगी आ जाती है और तनाव दूर होता है। इसी वजह से साधु-संतों द्वारा और ग्रंथों में तीर्थ यात्रा करने की सलाह दी जाती है। जब भी मन ज्यादा निराश हो, गुस्सा आए तो हमें ब्रीदिंग एक्ससाइज करनी चाहिए। 4-7-8 ब्रीदिंग टेक्नीक से सांस लेनी चाहिए। इस टेक्नीक में 4 सेकंड तक सांस लेते हैं, फिर 7 सेकंड तक सांस को रोकते हैं, और फिर 8 सेकंड तक धीरे-धीरे सांस छोड़ते हैं। इस तरह गहरी और नियंत्रित सांस लेने से शरीर की फाइट-ऑर-फ्लाइट की स्थिति शांत होती है और तनाव दूर होता है। तनाव दूर करने के लिए फिजिकल एक्सरसाइज करना भी एक अच्छा विकल्प है। एक्सरसाइज करने से हमारे शरीर में तनाव कम करने वाले हैप्पी हार्मोन एक्टिव होते हैं, जिससे तनाव दूर होता है। रनिंग, साइकलिंग, या डांसिंग करने से मूड बेहतर होता है। योगा करेंगे तो मांसपेशियों का तनाव दूर होता है, दिमाग को शांति मिलती है। तनाव दूर करने के लिए हर रोज पर्याप्त नींद लेनी चाहिए।

### टारगेट सेट करते समय किन बातों का ध्यान रखें?: हनुमान जी की सीख - लक्ष्य चुनने से पहले ये समझें कि आप उस लक्ष्य को क्यों पाना चाहते हैं?



स्वामी विवेकानंद कहा करते थे कि जीवन में कोई एक लक्ष्य बनाओ और दिन-रात उसी लक्ष्य पर ध्यान लगाओ, तभी वह लक्ष्य हासिल हो सकता है। बिना लक्ष्य के काम करने से कोई लाभ नहीं है। लक्ष्य के बिना जीवन दिशाहीन हो जाता है। जब हम किसी लक्ष्य को तय करके काम करते हैं तो जीवन में उत्साह बना रहता है। संभव है कि पहले प्रयास में लक्ष्य पूरा न हो, लेकिन असफल होने के बाद भी सकारात्मक सोच के साथ लक्ष्य की ओर बढ़ते रहना चाहिए। लक्ष्य तय करना एक ऐसा काम है, जिसे सतर्कता के साथ करना चाहिए। लक्ष्य तय करते समय ग्रंथों की कुछ बातों का ध्यान रखेंगे तो सफलता मिलने की संभावनाएं बढ़ जाएंगी... रामायण में हनुमान, जामवंत, अंगद और अन्य वानर सीता की खोज करते हुए दक्षिण दिशा में समुद्र तट पर पहुंच गए थे। इन्हें संपाति ने बता दिया था कि देवी सीता रावण की लंका में है। इसके बाद हनुमान, जामवंत और वानरों ने सोच-विचार किया कि लंका जाकर देवी सीता की खोज कौन कर सकता है। बातचीत में सबसे पहले जामवंत ने कहा कि मैं तो बूढ़ा हो गया हूं और अब मैं समुद्र पार करके लंका नहीं जा सकता। अंगद ने कहा कि मैं लंका जा तो सकता हूं, लेकिन वापस आने में संदेह है। अंगद को यहां खुद पर भरोसा नहीं था, उसका आत्मविश्वास कमजोर था। इसके बाद जामवंत ने हनुमान को उनकी शक्तियां याद दिलाई। श्रीराम और सभी वानरों के कल्याण के लिए हनुमान ने सीता की खोज करने का लक्ष्य तय किया। सुग्रीव ने सभी वानरों से कहा था कि अगर सीता की खोज नहीं कर पाए तो वे सभी वानरों को खत्म कर देंगे।

nandgaon times feb-28-5.qxd 2/28/2025 12:00 AM Page 4



- क्रिकेट किट
- फुटबाॅल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉपट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बैट, टी-टी बैट, टैक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971



# श्री बागेश्वर धाम महोत्सव संध्या महाआरती 4 प्रहर आरती के साथ संपन्न

## मेयर मधुसूदन यादव, जिलाधीश संजय अग्रवाल, शारदा तिवारी,कोमल सिंह राजपूत , शामिल











**राजनांदगांव ( नांदगाँव टाइम्स )।** संस्कारधानी में विगत 4 दिनों से श्री बागेश्वर धाम मंदिर में चल रहा महाशिवरात्रि महोत्सव, संध्या श्री शिव गंगा (काशी विश्वनाथ के तर्ज पर) महाआरती चार प्रहर आरती के साथ संपन्न हुआ। उक्त जानकारी देते हुए श्री बागेश्वर धाम मंदिर सेवक पंकज गुप्ता, विजय गुप्ता, भावेश अग्रवाल,सूरज गुप्ता, शरद गुप्ता, सौरभ खंडेलवाल, राजेश शर्मा, सौरभ गुप्ता, श्रीमती प्रज्ञा गुप्ता, ने बताया कि महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर प्रात: 05 बजे से ही श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिर में दर्शन हेतु लगी रही जो कि रात्रि 1 बजे तक अनवरत रूप से चलती रही,दुर्ग रायपुर, बिलासपुर, रायगढ़, गोंदिया, नागपुर आदि अनेक स्थानों में बागेश्वर धाम भक्तों ने पहुँचकर श्री बागेश्वर महादेव के दर्शन किया। प्रात:11 बजे से 1:30 बजे तक श्री बागेश्वर महादेव,प्रभु श्रीराम,पार्थिव शिवलिंग पूजन 12 यजमानों द्वारा व उपस्थित शिवभक्तों द्वारा किया गया। तत्पश्चात ढोल नगाड़ों से भगवान शिव जी की महाआरती गई।

संध्या 7 बजे श्री शिव गंगा महाआरती (काशी विश्वनाथ आरती की तर्ज पर) जो लगभग 45 मिनट की थी, उपस्थित विशाल संख्या में शिवभक्तों के द्वारा तीन आरती कर्ताओं पंडितो के द्वारा, मंत्र, गणेश, वंदना , राधाकृष्ण भजन, श्रीराम स्तुति, महाकाल,शिव आरती, माता जगदंबा आरती, शिव स्त्रोत,कर्पूर गौरम के साथ विहंगम अलौकिक दृश्यों के साथ साथ आतिश बाजी के साथ हुई दिन भर प्रसादी फराहरी वितरण मंदिर में किया गया। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर मंदिर में महापौर मधुसूदन यादव, कलेक्टर संजय अग्रवाल सपरिवार श्रीमती शारदा तिवारी, कोमल सिंह राजपूत, डॉ. मिथलेश शर्मा, रघ्घु शर्मा, सौरभ कोठारी नगर पंचायत छुरिया अध्यक्ष श्री पटेल, श्री बिट्टू गुप्ता, आकाश चोपड़ा आदि अनेक जनप्रतिनिधियों समाज,धर्म सेवियों द्वारा दर्शन कर पूजा अर्चना की गई। महाशिवरात्रि के महोत्सव से शामिल होने वाले शिवभक्तों,प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से सहयोगियों धार्मिक, सामाजिक संस्थाओं, जिला प्रशासन नगर निगम, पुलिस प्रशासान, ट्रैफिक आदि सभी का श्री बागेश्वर मंदिर धर्मार्थ ट्रस्ट के सरंक्षक सेवकगण, कैलाशचंद गुप्ता, सोहनलाल गुप्ता, गणेश गुप्ता, अजय गुप्ता, विकास गुप्ता आदि के द्वारा आभार व्यक्त किया गया है व भविष्य के सभी धार्मिक सामाजिक आयोजनों में अपना श्रम सेवा सहयोग उपस्थिति देने का आग्रह है- उक्त जानकारी बागेश्वर मंदिर सेवक अजय गुप्ता द्वारा दी गई।



# थाना बसंतपुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई: अंतरराज्यीय गांजा तस्कर गिरफ्तार, 2.680 किलो गांजा जप्त

**राजनांदगांव ( नांदगाँव टाइम्स )।** पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन में थाना बसंतपुर पुलिस ने अवैध नशे के कारोबार के खिलाफबड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया।पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि राजनांदगांव बायपास फ्लाईओवर के पास एक व्यक्ति गांजा बिक्री के लिए ग्राहक तलाश रहा है। सूचना की तस्दीक के बाद थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा। पूछताछ में उसने अपना नाम सुखंत पधान (26 वर्ष), निवासी अनगुल, ओडिशा बताया। उसके पास मौजूद जामुनी रंग के बैग की तलाशी लेने पर उसमें से 2.680 किलो




गांजा, जिसकी कीमत 30,000 रुपये आंकी गई, बरामद हुआ। आरोपी सुखंत पधान ने पूछताछ में बताया कि वह यह गांजा नीरज मेश्राम (28 वर्ष), निवासी महामाया चौक, बसंतपुर को बेचने आया था। पुलिस ने घेराबंदी कर नीरज मेश्राम को भी गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से 140 ग्राम गांजा, जिसकी कीमत 5,000 रुपये है, बरामद हुआ। दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 20 (बी) नारकोटिक्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया गया। न्यायालय में पेश करने के बाद उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

**आगे भी जारी रहेगा अभियान**

पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध नशीले पदार्थों की बिक्री और तस्करी पर पूरी तरह से अंकुश लगाने के लिए लगातार अभियान जारी रहेगा।

**इस कार्रवाई में इनकी रही अहम भूमिका**

थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक एमन साहू, उप निरीक्षक देवादास भारती, प्रधान आरक्षक राजेश परिहार, आरक्षक रूपेन्द्र वर्मा, मुंजलाल ठाकुर, रामचरण साहू एवं अन्य थाना स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

# सरपंच निर्वाचित होते ही दीनदयाल (दीनू) साहू ने सांसद से किया सौजन्य मुलाकात

### स्कूल प्रांगण में डोम निर्माण हेतु 10 लाख रुपए की स्वीकृति

**राजनांदगांव ( नांदगाँव टाइम्स )।** जिले छुरिया ब्लॉक के ग्राम पंचायत करमरी के नवनिर्वाचित सरपंच दीनदयाल (दीनू) साहू ने माननीय सांसद संतोष पाण्डेय जी से भेंट मुलाकात किया। सांसद श्री संतोष पाण्डेय ने भी दीनदयाल साहू को ग्राम पंचायत करमरी के सरपंच निर्वाचित होने पर बधाई और



शुभकामनाएं दी। सांसद माननीय श्री संतोष पाण्डेय जी द्वारा करमरी के *स्कूल प्रांगण में डोम निर्माण हेतु 10 लाख रुपए स्वीकृत* करने पर दीनदयाल साहू सरपंच ग्राम पंचायत करमरी ने सांसद महोदय का अभार व्यक्त किया। सांसद से भेंट मुलाकात में भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष श्री हिरेंद्र साहू, ग्राम पंचायत रतनभाट के सरपंच पवन खरे और दीलीप साहू उपस्थित थे।

## मौलिक नामदेव वकत्तव कला में प्रथम

**राजनांदगांव ( नांदगाँव टाइम्स )।** संस्कारधानी से राजनांदगांव



जे.एल.एम. गायत्री विद्यापीठ राजनांदगांव के 5वीं कक्षा के छात्र मौलिक नामदेव (सी.बी.एस.सी.) वर्ष 2024-25 सत्र के हिन्दी श्रेष्ठ वकत्तव कला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उल्लेखनीय है कि मौलिक नामदेव रीवागहन में पदस्थ व्यायाम शिक्षक श्रीमती दुर्गावती नामदेव व शहर के वरिष्ठ पत्रकार दिनेश नामदेव के सुपुत्र है। मौलिक नामदेव की इस उपलब्धि पर गायत्री विद्यापीठ की प्राचार्य मैडम, कक्षा शिक्षक गायत्री मिश्रा मैडम, रेणुका दास मैडम व सीमा गायधाने मैडम ने मौलिक नामदेव की उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी।

# पुरेना में हाथी पांव फाइलेरिया की दवाई खिलाया गया

**छुईखदान ( नांदगाँव टाइम्स )।** शासकीय प्राथमिक शाला पुरेना संकुल केन्द्र घिरघोली विकास खंड छुई खदान जिला केसीजी में स्वास्थ्य विभाग छुईखदान,पी एच सी घिरघोली और मितानिन दीदी द्वारा सुबह 10 बजे शाला में पहुंच कर हाथी पांव फाइलेरिया की दवाई खिलाया गया पी एच सी घिरघोली प्रभारी श्री दानिश सिद्दीकी और प्रधान पाठक तुलेश्वर कुमार सेन ने सभी बच्चों और पालकों से अपील किया कि आप सभी लोग बेझिझक होकर गोली खाएं किसी प्रकार की डरने घबराने की आवश्यकता नहीं है आप सभी को हाथी पांव न हो जाए इसीलिए यह



गोली खिलाया जा रहा है हाथी पांव फाइलेरिया होने के बाद उसका कोई इलाज नहीं है यह हाथी पांव फाइलेरिया संक्रमित मच्छर के लगभग 300 बार के काटने से होता है जिसका असर तुरंत पता नहीं चलता है इसकी जानकारी लगभग पांच से दस साल बाद पता चलता है आपके घरों में अपने माता पिता और परिवार के लोगों को जागरूक कीजिए कि जब भी स्वास्थ्य विभाग की टीम आपके घर में आते हैं दवाई जरूर खिलाए आज के कार्यक्रम में पी एच सी घिरघोली प्रभारी श्री दानिश सिद्दीकी,प्रधान पाठक तुलेश्वर कुमार सेन,मितानिन खिलेश्वरी मानिकपुरी, रूखमणी जंघेल,रूपी जंघेल,सुनीता जंघेल,स्वीपर अनुसुइया जंघेल सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## जिला पंचायत राजनादगांव के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का निर्वाचन 7 मार्च को

**राजनांदगांव ( नांदगाँव टाइम्स )।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल द्वारा जिला पंचायत राजनांदगांव के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष, जनपद पंचायत राजनांदगांव, डोंगरगांव, डोंगरगढ़ एवं छुरिया के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष निर्वाचन तथा जिले के सभी ग्राम पंचायतों में उपसरपंच निर्वाचन हेतु पीठासीन अधिकारी की नियुक्ति एवं तिथि निर्धारित किया गया है। जिसके अनुसार जिला पंचायत राजनादगांव के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का निर्वाचन 7 मार्च 2025 को जिला पंचायत राजनांदगाव के सभाकक्ष में किया जाएगा। जनपद पंचायत राजनांदगांव एवं डोंगरगांव के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष का निर्वाचन 4 मार्च 2025 को, जनपद पंचायत डोंगरगढ़ एवं छुरिया के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष का निर्वाचन 5 मार्च 2025 को संबंधित जनपद पंचायत के सभाकक्ष में किया जाएगा। इसी तरह जिले के ग्राम पंचायतों में उपसरपंच का निर्वाचन 8 मार्च 2025 को संबंधित ग्राम पंचायत भवन में किया जाएगा। नवनिर्वाचित सदस्यों को उनके नाम पते पर इस संबंध में सूचना प्रेषित की गई है।

## ओड़ारबांध में सुनीता नरेंद्र साहू दूसरी बार सरपंच बनी

**राजनांदगांव ( नांदगाँव टाइम्स )।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव



अंतर्गत जनपद पंचायत डोंगरगांव अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत ओडारबांध में सुनीता नरेंद्र साहू दूसरी बार सरपंच नवनिर्वाचित हुई। ग्राम पंचायत ओडार बांध की दूसरी बार सरपंच पद पर विजय श्री दिलाने के लिए सरपंच सुनीता नरेंद्र साहू ने सभी देव तुल्य जनता की अंत:करण से आभार एवं धन्यवाद प्रकट करते हुए उन्होंने कहा कि हमारे गांव के सर्वांगीण विकास और हर नागरिक के जीवन को खुशहाल बनाने का लक्ष्य लेकर सदैव कार्य करती रहूंगी और आप सब की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहूंगी, मुझ पर विश्वास रखने के लिए आप सभी देवतुल्य मतदाताओं का हृदय की गहराईयों से आभार एवं धन्यवाद।

# कलश यात्रा के साथ आज होगा श्रीमद् भागवत कथा का आगाज

### व्यास पीठ पर विराजेंगे पंडित अर्पित भाई शर्मा

### श्री अग्रसेन भवन बनेगा वृंदावन धाम

**राजनंदगांव ( नांदगाँव टाइम्स )।** अग्रवाल सभा , अग्रवाल महिला मंडल एवं अग्रवाल नवयुवक मंडल के तत्वावधान में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ आज 28 फरवरी को सुबह 9:00 बजे भव्य कलश यात्रा के साथ होने जा रहा है । भव्य कलश यात्रा श्री सत्यनारायण मंदिर कामठी लाइन से प्रारंभ होकर कामठी लाइन ,भारत माता चौक , तिरंगा चौक, रामाधीन मार्ग होते हुए श्री अग्रसेन भवन वृंदावन धाम पहुंचेगी । कलश यात्रा के श्री अग्रसेन भवन पहुंचने के पश्चात देव स्थापना इत्यादि का कार्य नगर के वरिष्ठ आचार्य पंडित कालूराम शास्त्री द्वारा पूर्ण कराया जाएगा । इसके पश्चात दोपहर 3:00 बजे से श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ होगा । श्री अग्रवाल सभा के अध्यक्ष शरद अग्रवाल , सचिव आलोक बिंदल ,



कोषाध्यक्ष अशोक अग्रवाल , अग्रवाल महिला मंडल की अध्यक्ष मंजू खोखरिया , सचिव रीना अग्रवाल , कोषाध्यक्ष रेखा अग्रवाल द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार फागुन मास में श्रीमद् भागवत कथा के श्रवण का विशेष महत्व बताया गया है । इसी को ध्यान में रखते हुए समाज द्वारा श्रीमद् भागवत महापुराण कथा सप्ताह का आयोजन किया गया है । व्यासपीठ पर देश भर में विख्यात सुप्रसिद्ध भगवताचार्य रमेश भाई ओझा के विशेष कृपा पात्र अंचल के नवोदित भगवताचार्य पंडित अर्पित भाई शर्मा विराजमान होकर अपनी सुमधुर वाणी से कथा का रसपान कराएंगे । अग्रवाल नवयुवक मंडल के अध्यक्ष हर्ष लोहिया , सचिव चैतन्य अग्रवाल , कोषाध्यक्ष सूरज अग्रवाल ने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा प्रतिदिन दोपहर 3:00 बजे से प्रारंभ होगी । इस कथा के मुख्य यजमान। श्रीमती स्वाति राहुल अग्रवाल है । आज प्रथम दिवस श्री भागवत महात्यम एवं गोकर्ण कथा होगी । आयोजन समिति ने नगर के श्रद्धालु माता - बहनों एवं बंधुओ से आग्रह किया है कि आधिकारिक संख्या में वृंदावन धाम अग्रसेन भवन पहुंचकर कथा का श्रवण कर पुण्य लाभ प्राप्त करें ।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com